जागरूकता का संकल्प • कालिका माता उद्यान में विशिष्ट योग कार्यशाला हुई

# सूर्य नमस्कार कर औषधीय पौधे लगाए

भास्कर संवाददाता | रतलाम

आजादी अमृत महोत्सव 75 करोड़ सूर्य नमस्कार महायज्ञ में योगमय आहुति देकर विश्व गुरु बनने में सहायक सिद्ध पहल स्वच्छ स्वास्थ्य समृद्ध संकल्प को लेकर श्री कालिका माता उद्यान में विशिष्ट योग कार्यशाला हुई। अष्टांग योग, प्राणायाम आसान, यौगिक जोगिंग, सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। घर-घर अमृता नीम, गिलोय बेल, औषधीय गुणों से भरपूर पौधारोपण और वितरण कर प्रकृति पर्यावरण संरक्षण संवर्धन संकल्प लिया।

योग से निरोग अभियान से जुड़कर स्वास्थ्य आग्रह लिए नगर वासियों को जागरूक करने के उद्देश्य को लेकर रविवार सुबह 9 बजे श्री कालिका माता उद्यान में सांस्कृतिक योग कला मंच विशिष्ट योग कार्यशाला हुई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के प्रयासों से सहायक आयुक्त विकास सोलंकी मार्गदर्शन में निगम के सभी अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए। योग गुरु पतंजलि युवा भारत जिला प्रभारी विशाल कुमार वर्मा के नेतृत्व में योग व प्राणायाम किए। युवा भारत मित्रगण योग मंडल के अनिल बरमेचा की देखरेख में सांस्कृतिक योग कला मंच पर योग कक्षा संचालित की जा रही हैं। पतंजलि युवा भारत राज्य प्रभारी मप्र पश्चिम प्रेमाराम पुनिया ने स्वामी जी का योग संकल्प संदेश देकर योग आयुर्वेद स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की जानकारी से अवगत कराया। पतंजलि युवा भारत यज्ञ प्रभारी पंडित संजय शिवशंकर दवे ने औषधीय हवन-यज्ञ किया। पतंजलि महिला योग प्रशिक्षिका विमलेश वर्मा, सुशीला वर्मा ने मौजूद मातृ शक्ति को संबल देते हुए योगमय जीवन आनंद प्रकृति पर्यावरण से जुड़ने जोड़ने के लिए प्रेरित किया। दिशा नैमानी, ईशा नैमानी, प्रिशा नेमानी ने रंगोली बनाकर स्वच्छ स्वस्थ समृद्ध रतलाम का जन संदेश देते हुए उपस्थित जनों को शपथ दिलाई। योग कार्यशाला में बांसुरी वादक नितिन सिंह ने संपूर्ण भजनों की प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध कर दिया। निगम स्वास्थ्य अधिकारी ए पी सिंग, मप्र जन अभियान परिषद जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय, योग गुरु चंदनमल घोटा, प्रकाशचंद्र बिलाला, प्रदीप लोढ़ा ने अतिथियों का सम्मान किया। डॉ. पवन मजावदिया, सोशल मीडिया प्रभारी नितेंद्र आचार्य सहित अन्य मौजूद रहे। भास्कर



सूर्य नमस्कार करते हुए पदाधिकारी सहित अन्य।

दै. भास्कर 23/1/22

## परेशानी : विनोबानगर क्षेत्र में नालियों के गंदे पानी से लोग हो रहे हैं परेशान




रतलाम | विनोबानगर की मुख्य सड़क पर कच्ची नालियों के ओवरफ्लो होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। इससे मार्ग से गुजरने के साथ-साथ वहां रहने वाले लोगों को कई परेशानियां हो रही हैं। इस मार्ग से ग्लोबस कॉलोनी-1, -2, रेलवे कॉलोनी, इंद्रलोकनगर, राजीवनगर, क्रिश्चियन कॉलोनी सहित अन्य क्षेत्र के लोग इसी मार्ग से होकर गुजरते हैं। लगभग महीने भर से लोग काफी परेशान हैं। क्षेत्र के अभिषेक परमार, महेश यादव, शाहिद अली, सतीश ने बताया समस्या को लेकर निगम के अधिकारियों को मौखिक व सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत कर रखी है, लेकिन निराकरण नहीं हो रही है।

दै. भास्कर २३/१/२२

# कचरा प्रबंधन के लिए प्रोत्साहित करने 26 से करेंगे 'स्वच्छ प्रतिष्ठान' सर्वे

भास्कर संवाददाता | रतलाम


स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में सभी शहरों को कचरा मुक्त बनाने और कचरा मुक्त शहरों की स्टार रेटिंग में सभी नगर निगमों को 5 स्टार और अन्य नगरीय निकायों को 3 स्टार दिलाने का लक्ष्य है। इसको प्राप्त करने के लिए 26 जनवरी से 15 दिन का स्वच्छ प्रतिष्ठान सर्वेक्षण शुरू किया जाएगा। सर्वेक्षण में चयनित प्रतिष्ठानों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतिष्ठानों में निजी व शासकीय कार्यालय, बैंक, छोटी-बड़ी दुकानें, शोरूम, अस्पताल, क्लीनिक, होटल, रेस्टोरेंट स्कूल आदि शामिल हैं। सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रतिष्ठानों को स्वच्छता और कचरा. प्रबंधन के लिए प्रोत्साहित करना है। सर्वेक्षण में स्वच्छ पाठशाला, स्वास्थ्य संस्थाएं, होटल, रेस्टोरेंट, कार्यालय, हॉकर्स जोन और स्वच्छ बाजार की श्रेणी शामिल होगी। प्रतिष्ठानों की रैंकिंग 300 अंकों की होगी। प्राथमिक जानकारी के लिए एक लिंक जारी की जाएगी जिसमें संस्थान की जानकारी सब्मिट करनी होगी। इस जानकारी के आधार पर 100 में से अंक दिए जाएंगे। साथ ही निकाय स्तर पर जनप्रतिनिधियों, महिलाओं, बुद्धिजीवियों या अशासकीय संगठनों की एक समिति बनाई जाएगी। इसमें भी फीडबैक के आधार पर संस्थान को कुल 100 में से अंक मिलेंगे। भास्कर

दै. भास्कर 23/1/22

# रतलाम में 8 हजार स्क्वा. फीट में बन रहे अवैध बंगले को किया नेस्तानाबूद

* बिना अनुमति के हो रहा था निर्माण
* बंगले में अवैध स्विमिंग पुल मिला
* एसडीएम गेहलोत ने कहा- प्रशासन की कार्रवाई से आम लोग खुश
* अपराधिक तत्वों पर कार्रवाई जारी रहेगी
* भारी पुलिस बल लगाया गया

**लिस्टेट गुंडों के विरुद्ध जारी अभियान को मिल रहा है जन समर्थन**



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

असामाजिक तत्वों और गुण्डों के अवैध निर्माण तोडने का बीती शाम से शुरू हुआ सिलसिला आज शनिवार को भी जारी रहा। प्रशासन के दल ने प्रताप नगर में अज्जू शैरानी नामक बदमाश द्वारा किए गए अवैध निर्माण को बुलडोजर से ढहाया। प्रशासन का कहना है कि शहर के तमाम लिस्टेड गुण्डों की सूची बनाई जा रही है,ताकि उनके द्वारा किए गए अवैध निर्माणों को ढहाया जा सके। असामाजिक तत्वों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को शहर के मोमिनपुरा इलाके में हुई गोलीबारी की वारदात के बाद प्रशासन की टीम ने फायरिंग करने वाले आरोपियों के साथ साथ सट्टा कारोबार से जुडे फरियादी के अवैध निर्माण तो तोडे ही थे। इसके साथ ही मोमिनपुरा और भाटों का वास इलाके के अन्य लिस्टेड बदमाशों के अवैध निर्माण भी ढहा दिए थे। अतिक्रमण हटाने की यह कार्यवाही तडके चार बजे तक जारी थी और इस दौरान एक दर्जन से ज्यादा अवैध निर्माण तोडे गए थे।

तडके चार बजे रुका सरकारी बुलडोजर आज दोपहर प्रताप नगर जा पंहुचा,जहां स्टेशन रोड थाने के लिस्टेड बदमाश अज्जू शैरानी द्वारा पांच से दस हजार वर्ग फीट पर बिना अनुमति बनाए जा रहे बंगले को बुलडोजर चला कर तोड़ा गया।

अवैध निर्माण तोड़ने की इस कार्यवाही में एसडीएम सिटी अभिषेक गेहलोत,सीएसपी हेमन्त सिंह चौहान समेत नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया था।

सिटी एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने बताया कि शहर के प्रत्येक थाने के लिस्टेड बदमाशों की सूची तैयार की जा रही है और उनके द्वारा बिना अनुमति किए गए अवैध निर्माणों की खोजबीन की जा रही है। असामाजिक त[...] द्वारा बिना अनुमति अवैध रुप[...] किए गए सारे निर्माणों को ध्व[...] किया जाएगा। माफिया के वि[...] यह अभियान निरन्तर जारी रहे[...] एसडीएम श्री गेहलोत ने द[...] किया कि प्रशासन की [...] कार्यवाही को भरपूर जनसम[...] मिल रहा है और आम लोग [...] कार्यवाही से खुश है।

अवन्तिका

अवन्तिका 23/1/22

# मास्क नहीं लगाने पर 18 व्यक्तियों पर जुर्माना

## नागरिक अनिवार्य रूप से मास्क लगायें

### गंदगी करने वालो की सूचना स्पॉट फईन दल को दें

रतलाम । कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूशोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 21 जनवरी को 4 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर तस्लीम लोकेन्द्र भवन रोड, वसीम, ओमप्रकाश, दीपक शर्मा शक्ति नगर पर 500-500 रूपये का स्पॉट फईन कर भविश्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी। इसके अलावा नगर विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले 18 व्यक्तियों पर 100-100 रूपये का स्पॉट फईन पर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाईश दी गई।

नगर निगम द्वारा नागरिकों से भी अपील की जाती है कि शहर को गंदा करने वाले नागरिकों, दुकानदारों आदि की जानकारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह मो. नं. 7471144930 झोन प्रभारी श्री पर्वत हाड़े मो. नं. 747114493, श्री किरण चौहान मो.नं. 7471144932, श्री विनय चौहान मो.नं. 8770535145, श्री विराट मेहरा 9770326691, स्पॉट फईन दल के पवन झांझोट मो.नं. 7000128812, आकाश पिन्टे मो.नं. 9424075393, 7724981736 मनोज झांझोट मो.नं. 6268449110, राकेश ललावत मो.नं. 7000128812 को देकर नगर को साफ-स्वच्छ बनाने में सहयोग प्रदान करें।

स्वतंत्र

स्वतंत्र [illegible] २३/१/२२

# 2905 हितग्राही पीएम स्वनिधी के ब्याज मुक्त ऋण से लाभान्वित हुए

## स्वरोजगार ऋण से 92 हितग्राही हुए लाभान्वित

रतलाम । नगरीय क्षेत्र रतलाम के ऐसे पंजीकृत पथ विक्रेता जिन्हे प्रथम कार्यशील पूंजी हेतु ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त नहीं हुआ है तथा जिन्होंने प्रथम कार्यशील पूंजी का ऋण जमा करा दिया है उन्हे संकल्प से सिद्धी विशेष अभियान के तहत 10 व 20 हजार का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराने हेतु नगर निगम द्वारा निगम के झोन कार्यालयों पर ऑन लाईन आवेदन भरे जा रहे हैं।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि प्रथम कार्यशील पूंजी हेतु 2558 हितग्राहियों को राशि रूपये 10,000/- तथा द्वितीय कार्यशील पूंजी हेतु 190 हितग्राहियों को राशि रूपये 20,000/- ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया गया है। एनयूएलएम स्वरोजगार ऋण योजना में 92 हितग्राहियों व एनयूएलएम स्वरोजगार समूह ऋण योजना में 3 समूह को ऋण उपलब्ध कराया गया है। पथ विक्रेताओं को ब्याज मुक्त ऋण के लिये ऑन लाईन आवेदन प्रस्तुत करने हेतु आवश्यक दस्तावेज के रूप में बैंक पासबुक, आधार कार्ड, पथ विक्रेता पंजीयन कार्ड व आधार लिंक से मोबाईल नम्बर साथ लाना होगा।

स्वदेश

स्वदेश लोकतंत्र 23/11/22

# गणतंत्र दिवस के कार्यक्रमों के लिये राज्य शासन ने तय की रूपरेखा

## कोविड-19 से बचाव के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थलों पर व्यवस्था करने दिये निर्देश

**रतलाम।** राजधानी भोपाल सहित सभी जिलों में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा। राज्य शासन ने इस वर्ष नोवल कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण के दृष्टिगत कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सभी विभागाध्यक्ष, संभागीय आयुक्त, कलेक्टर्स और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश जारी किये हैं। गणतंत्र दिवस पर राज्य के समस्त महत्वपूर्ण शासकीय भवनों एवं ऐतिहासिक स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। राजधानी में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन लाल परेड ग्राउंड भोपाल में होगा। कार्यक्रम प्रातः 9 बजे शुरू होगा, जिसमें मुख्य अतिथि परेड की सलामी लेंगे तथा उपस्थित जनसभा को संबोधित करेंगे। परेड का आयोजन पिछले वर्ष की भांति किया जाएगा, जिसमें पुलिस, होमगार्ड, विशेष सशस्त्र बल, जेल वार्डन, सीआईएसएफ, आरएएफ एवं सीनियर एनसीसी छात्रों की टुकड़ियाँ शामिल होंगी। परेड में एनएसएस, स्काउट-गाईड एवं शौर्यादल शामिल नहीं होंगें। परेड के पश्चात घुड़सवारी का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद झांकियाँ निकाली जायेंगी।

### जिला मुख्यालय के आयोजन

गणतंत्र दिवस पर जिला मुख्यालयों में गत वर्षानुसार मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के संदेश का वाचन किया जाएगा। परेड का आयोजन सिर्फ जिला मुख्यालयों पर ही होगा। कोविड-19 के मद्देनजर परेड में एनएसएस, स्काउट-गाईड एवं शौर्यादल आदि भाग नहीं लेगें। गत वर्षानुसार झांकियाँ निकाली जाएगी। शिक्षण संस्थाओं में कार्यालय प्रमुख द्वारा ध्वजारोहण, राष्ट्रगान का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कक्षा 1 से 10वीं तक के बच्चे शामिल नहीं होंगे। जिला पंचायत, जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत कार्यालयों में प्रशासकीय समिति प्रधान द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा तथा राष्ट्रगान होगा। ऐसे जिला पंचायत, जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत जहाँ प्रशासकीय समिति के प्रधान उपलब्ध नहीं होने की दशा में कार्यालय प्रमुख द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर परिषद कार्यालय में महापौर/अध्यक्ष (जहां निर्वाचित महापौर और अध्यक्ष कार्यरत है) द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। शेष नगरीय निकायों में आयुक्त/मुख्य नगर पालिका अधिकारी ध्वजारोहण करेंगे। ध्वज संहिता का पालन सुनिश्चित कराने के लिये प्रत्येक स्तर पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये गये हैं।

इन्दौर

इन्दौर समाचार 23/1/22

प्रशासन ने आठ हजार वर्गफीट जमीन पर बन रहे रहे आलीशान बंगले को किया जमींदोज

# बदमाशों के आशियानों पर चला प्रशासन का पंजा

## एक दर्जन से अधिक बदमाशों के मकानों और निर्माण को किया ध्वस्त

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क


अपने रसूख का खौफ रखने वाले गुंडे बदमाशों पर प्रशासन ने एक्शन लेना शुरु कर दिया है। प्रशासन द्वारा शहर के गुंडों और बदमाशों पर कार्रवाई करना शुरु कर दिया है। शनिवार को प्रशासन ने हिस्ट्रीशीटर अज्जू शेरानी के प्रताप नगर में 8 हजार वर्गफीट बन रहे रहे निर्माणाधीन आलीशान बंगले को जमींदोज कर दिया है। इसके पहले बीति रात शहर के अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के एक दर्जन मकान, दुकान और अन्य निर्माणों पर प्रशासन ने एक्शन लेते हुए उन्हे नेस्तनाबूत कर दिया। पुलिस बल अधिकारियों के नेतृत्व में प्रताप नगर चौराहे पहुंचा। जहां मकान गिराने की कार्रवाई शुरू की गई है। एडिशनल एसपी इंद्रजीत बकलवार, सीएसपी हेमंत चौहान सहित भारी मात्रा में पुलिस बल की मौजूदगी में निर्माणाधीन मकान ध्वस्त किया गया।

एसडीएम अभिषेक गहलोत, तहसीलदार गोपाल सोनी, उपयुक्त विकास सोलंकी, नगर निगम के अधिकारी एपीसिंह सहित अमला भी मौजूद रहा। जिन्होंने पोकलेन मशीन की मदद से यहां बनाए जा रहे बंगले को पूरी तरह जमीनदोज कर दिया। उल्लेखनीय है कि रतलाम पुलिस द्वारा शुक्रवार रात से बदमाशों के अवैध और अनुमति वहीं बनाए गए निर्माणों को तोड़ने की कार्रवाई की जा रही है। पूरी रात चली कार्रवाई के दौरान 12 मकानों और दुकानों को पहले ही तोड़ा जा चुका है। शनिवार दोपहर को भी पुलिस ने कार्रवाई को दोबारा शुरू करते हुए अ%जू शेरानी के निर्माणाधीन बंगले को तोड़ने की कार्रवाई की है। इसकेपहले हरदेवलाला पिपली के प्रमुख बाजार पर फायर की घटना हुई थी। इस दौरान एसपी के मौके पर पहुंचने पर रहवासियों ने जमकर आक्रोश व्यक्त किया था, जिस पर एसपी ने माणक चौक थाना प्रभारी दिलीप राजोरिया और दो बीट प्रभारियों को निलंबित कर दिया था और गुंडे बदमाशों पर कार्रवाई की थी। भाटों का वास स्थित मांडली चौराहा पर सोहनलाल नमकीन का ठेला लगाता है और कहा जाता है कि सटटा भी चलाता है। अकबर घोसी भी सट्टेबाजी में लिप्त बताया जा[illegible] है और इसी धंधे में हफ्ता नही देने पर ग[illegible] मंगलवार को सोहन की नमकीन दुकान [illegible] तोडफोड कर गया था। सोहनलाल ने रिपोर्ट द[illegible] कराई थी और पुलिस कार्रवाई करती उस[illegible] पहले ही कल शाम अकबर ने सोहनलाल प[illegible] फायरिंग कर दी। लोगों में आक्रोश इस बात क[illegible] है कि जैसे ही सोहन ने रिपोर्ट लिखाई थ[illegible] पुलिस अगर तुरंत कार्रवाई कर देती तो गोल[illegible] चालन की यह घटना नही होती।



### सबसे पहले इनके अवैध निर्माण तोड़े

प्रशासन व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा कुल 12 अवैध निर्माणो को ध्वस्त किया गया। जिनमें है अकबर घोसी निवासी बरगुंडो का वास का मकान, दादू उर्फ सोहनलाल भाटो का वास की दुकान, राकेश खत्रीवाल भाटो का वास दुकान व मकान, एजाज कुरेशी कसाई मंडी का मकान, फजल कुरेशी लोहार रोड का मकान, मुकेश खत्रीवाल लोहार रोड का मकान मुकेश खत्रीवाल लोहार रोडकी दुकान, प्रदीप सोनी सिलावटो का वास का मकान, हरदेव लाल पीपली पर 2 अवैध गुमटी, भाटो का वास मे एक अवैध गुमटी शामिल है।



राज एक्सप्रेस 23/1/22

## अनुमति के बिना मुख्य सड़कों के किनारे निर्माण प्रारंभ पाये जाने पर नगर निगम करेगा तोड़ने की कार्यवाही

### 15 हजार रूपये प्रति घंटे के मान से तोड़ने की राषि होगी वसूल

रतलाम । षहर की मुख्य सड़के सैलाना रोड, सागोद रोड, महू रोड, स्टेषन रोड सहित अन्य सड़को के किनारे नगर निगम की बिना अनुमति के निर्माण प्रारंभ पाये जाने पर उन्हे तोड़ने की कार्यवाही निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देषानुसार गठित दलो के द्वारा प्रारंभ की जा रही है साथ ही संबंधितों से 15 हजार रूपये प्रति घन्टे के मान से तोड़ने की राषि वसूल की जायेगी।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया नगर निगम के गठित दलो को निर्देषित किया है षहर की मुख्य सड़कों के किनारे नगर निगम की बिना अनुमति निर्माण प्रारंभ पाये जाने पर तोड़ने की कार्यवाही प्रतिदिन की जाये व संबंधितों से 15 हजार रूपये प्रति घन्टे के मान से तोड़ने की राषि वसूल की जाये। नगर निगम द्वारा बिना अनुमति के निर्माण तोड़ने की कार्यवाही की जा रही है नागरिकों से अपील है कि वे अनुमति के बिना निर्माण कार्य ना करें। स्वतंत्र

स्वतंत्र लेखन २३/१/२२

# रात को बुलडोजर चला कर बारह अवैध निर्माण तोड़ दिए, शनिवार को भी एक बड़ा अवैध निर्माण तोड़ा

## प्रशासन ने पुलिस की मौजूदगी में रातभर की कार्रवाई



रतलाम ● स्वदेश समाचार

18 जनवरी की रात सट्टे के रुपयों को लेकर आरोपित अकबर हुसैन व नमकीन विक्रेता सोहनलाल खन्नीवाल के बीच विवाद हुआ था। अकबर ने सोहन की दुकान पर तोड़फोड़ की थी। सोहन की रिपोर्ट पर पुलिस ने अकबर पर प्रकरण दर्ज किया था। इसी बात को लेकर 21 जनवरी की शाम करीब सवा पांच बजे अकबर अपने साथी अफसार के साथ बाइक पर सोहन की दुकान पर पहुंचा और दनादन तीन फायर कर दिए थे। हालांकि घटना में कोई हताहात नहीं हुआ, लेकिन दुकान का कांच का शोकेस टूट गया। फायरिंग की घटना से क्षेत्र में लोग आक्रोशित हो गए व सट्टा बंद करने तथा अपराधियों पर 24 घंटे के भीतर कार्रवाई की मांग करने लगे। कुछ समय बाद कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने अपराधियों के अवैध मकानों व गुमटियों को तोड़ने के आदेश दिए।

आदेश मिलने के बाद एसपी गौरव तिवारी के नेतृत्व में पुलिस, नगर निगम, जिला प्रशासन व बिजली कंपनी का दल पहले गोलीकांड के मुख्य आरोपित अकबर हुसैन के हाट रोड गली नंबर एक स्थित घर पहुंचा और उसका मकान तोड़ने की कार्रवाई शुरू की, जो शनिवार सुबह चार बजे तक चली। नमकीन विक्रेता सोहनलाल भी सट्टा खिलाता है। उसके खिलाफ भी कई प्रकरण दर्ज है। अकबर का मकान तोड़ने के बाद नमकीन विक्रेता सोहनलाल का मकान कुरैशी मंडी में एजाज कुरैशी का मकान, भाटों का वास में राकेश खन्नीवाल की दुकान व मकान, लोहार रोड पर मुकेश खन्नीवाल की दुकान व मकान, लोहार रोड पर फ़जल कुरैशी का मकान, सिलावटों का वास में प्रदीप सोनी का मकान, हरदेवलाल पीपली व भाटों का वास क्षेत्र में तीन अवैध गुमटियों को तोड़ दिया गया। चर्चा है कि रविवार को भी कुछ और बदमाशों के अवैध कब्जे प्रशासन द्वारा धाराशायी किए जा सकते हैं

शनिवार को सवेरे प्रताप नगर में अन्जू शेरानी के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चला चंद घंटों में आठ हजार वर्गफीट क्षेत्र में बना बंगला जमींदोज हो गया। स्वदेश

स्वदेश २३/१/२२

# खुले में गंदगी करने का 4 व्यक्तियों पर जुर्माना, मास्क नहीं लगाने 18 व्यक्तियों पर स्पॉट फाईन

रतलाम । कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 21 जनवरी को 4 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर तस्लीम लोकेन्द्र भवन रोड, वसीम, ओमप्रकाश, दीपक शर्मा शक्ति नगर पर 500-500 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी। इसके अलावा नगर विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले 18 व्यक्तियों पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन पर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाईश दी गई। नगर निगम द्वारा नागरिकों से भी अपील की जाती है कि शहर को गंदा करने वाले नागरिकों, दुकानदारों आदि की जानकारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, झोन प्रभारी पर्वत हाड़े, किरण चौहान, विनय चौहान, विराट मेहरा सहित स्पॉट फाईन दल के पवन झांझोट, आकाश शिन्दे, मनोज झांझोट, राकेश ललावत को देकर नगर को साफ-स्वच्छ बनाने में सहयोग प्रदान करें।

## 8 हजार 168 पेंशन हितग्राहियों का हुआ भौतिक सत्यापन

रतलाम । रतलाम शहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निःशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निःशक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का शासन निदेशानुसार भौतिक सत्यापन किया जा रहा है, जिसके तहत शुक्रवार तक 8168 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन कर 79.39 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

नवभारत

नवप्रभारत 23/1/22

# वार्ड में गंदगी पाई गई तो झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षक के विरूद्ध होगी कार्यवाही

रतलाम । स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर-1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डो की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले-नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डो में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले-नालियों में कचरा पाये जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी। वार्डो की समुचित साफ-सफाई का दायित्व झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों का दायित्व है वे अपने कर्तव्य का निर्वहन पुरी निश्ठा एवं ईमानदारी करें यदि वार्डो में साफ-सफाई नहीं पाई जाती है तो संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी। स्वतंत्र

स्वतंत्र लेखिका 23/1/22

# स्वछता मित्रों का सम्मान कर शपथ दिलाई



रतलाम। देश आजादी की 75 वी वर्षगांठ मना रहा है। इस सुनहरे अवसर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में भी सम्मिलित किया गया है एवं इस उत्सव को आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है । इसी उत्सव को मनाने के लिए स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसेडर नवोदित बैरागी जी एवं सुश्री अंजू सूर्यवंशी जी की उपस्थिति में सिटी क्लू टीम द्वारा शहर के घोड़ा चौराहे को अकाम चौराहा बनाया गया एवं स्वच्छता मित्र और दरोगा का पुष्प माला पहनाकर सम्मान किया गया। इसके पहले चौराहे के आस पास सफाई की गई एवं आस पास के नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। साथी स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। २१५

राज एक्सप्रेस २३/१/२२

शहर में बढ़ाएंगे औषधी के पौधे

# सूर्य नमस्कार कर लिया पेड़ लगाने का संकल्प

पत्रिका सिटी हैपनिंग

**रतलाम.** शहर के कालिका माता रंगमंच पर शनिवार को योग का आयोजन किया गया। इस दौरान उद्यान विकसीत करने व औषधी वाले पेड़ लगाने का संकल्प लिया गया।

नगर निगम उपायुक्त विकास सोलंकी व आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया मुख्य आयोजक पतंजलि युवा भारत ने भारत माता की पूजा अर्चना माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित किया।



## अष्टांग योग प्राणायाम आसन

निगम सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह, म.प्र. जन अभियान परिषद जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय, योग गुरु चंदनमल घोटा, प्रकाश चन्द्र बिलाला, प्रदीप लोढ़ा ने किया अतिथियों का सम्मान करते किया।

योग गुरु पतंजलि युवा भारत जिला प्रभारी विशाल कुमार वर्मा के कुशल नेतृत्व में पतंजलि अष्टांग योग प्राणायाम आसन, योगिक जोगिंग 13 सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया। घर-घर अमृता नीम गिलोय बेल औषधीय गुणों से भरपूर पेड़-पौधे रोपण वितरण कर प्रकृति पर्यावरण संरक्षण संवर्धन संकल्प दिलाया। पतंजलि युवा भारत राज्य प्रभारी प्रेमाराम पुनिया ने योग संकल्प संदेश देकर योग, आयुर्वेद, स्वदेशी अपनाओ -देश बचाओ आनलाइन रजिस्ट्रेशन की जानकारी से अवगत कराया। योग कार्यशाला में बांसुरी वादक नितिन सिंह ने भजन - गीत की प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध किया। संचालन डॉ पवन मजावदिया ने व आभार सोशल मीडिया प्रभारी नितेंद्र आचार्य ने माना।

पत्रिका

पत्रिका 23/1/22

**दूसरे दिन भी पुलिस-प्रशासन का चला डंडा:** अज्जू शेरानी के रसूख को पोकलेन व जेसीबी से ढहाया

# बगैर मंजूरी कर रखा था 80 लाख की 15 हजार वर्गफीट भूमि पर **बंगले का निर्माण**

फॉलोअप



पत्रिका

प्रकाशित खबर।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क

patrika.com



**रतलाम.** शहर के प्रतानगर रोड ब्रिज के करीब असगर उर्फ अज्जू शेरानी के रसूख को नगर निगम, प्रशासन व पुलिस की टीम के संयुक्त दृढ़ मजबूत इरादों के बाद 15 हजार वर्गफीट भूमि पर निर्माणाधीन तीन मंजीला भवन को शनिवार को भारी पुलिसबल की उपस्थिति में ढ़हा दिया गया। दो बत्ती पुलिस थाने का हिस्टीशीटर व लिस्टेड गुंडे अज्जू पर कई मामले दर्ज रहे है। नगर निगम ने कार्रवाई करने के पूर्व पिछले चार माह में कई बार नोटिस जारी किए, लेकिन हर बार अज्जू यह कहकर बचता रहा कि वो सिर्फ बाउंड्रीवाल बना रहा है। प्रशासन के अनुसार निर्माणाधीन मकान की कीमत करीब 80 लाख रुपए है।

दोपहर करीब तीन बजे पूर्व ही प्रतापनगर ब्रिज के करीब नगर निगम, प्रशासन व पुलिस का दल पहुंचा इसके पूर्व एक बार पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी आकर राउंड मारकर चले गए थे। दोपहर करीब 3.15 बजे निगम के सिटी इंजीनियर सुरेशचंद व्यास, उपयंत्री मनीष तिवारी, राजेश पाटीदार, श्याम सोनी आदि पहुंचे। तहसीलदार गोपाल सोनी व शहर एसडीएम अभिषेक गेहलात पहुंचे। अन्य अधिकारियों का दल आता देखकर अज्जू के करीबियों ने निर्माणाधीन बंगले के गेट बंद कर दिए। एसडीएम गेहलोत ने गेट खोलने को कहा। मजदूरों को बाहर किया गया। अज्जू के रिश्तेदारों ने सवाल किए कि कार्रवाई अज्जू भाई से बगैर जानकारी के क्यों हो रही है तो सीएसपी हेमंत चौहान ने कह दिया कि वरिष्ठ अधिकारियों से बात करें। इस बीच अज्जू का एक वकील भी आया, जिसे लौटा दिया गया।

## 1 जेसीबी, 1 पोकलेन

जब तोड़ने के पूर्व निर्माणाधीन बंगले को देखा गया तो अधिकारियों की आंखे भी फट रह गई। उपर जितना निर्माण था, उसके नीचे तलघर में भी उतना ही 20 फीट नीचे निर्माण चल रहा था। तलघर में आलिशान बेडरूम के साथ - साथ स्वीमिंगपुल बनाया जा रहा था। इसके अलावा बंगले का निर्माण कार्य चल रहा था।

## 4 बार नोटिस जारी

कार्रवाई के पूर्व जब करीब चार माह पहले निर्माण कार्य की शुरुआत हुई थी तो निगम की उपयंत्री अनिता ठाकुर ने नोटिस जारी किया था। चार माह में चार बार दिए गए हर नोटिस पर रटारटाया जवाब अज्जू ने दिया। इसके बाद ही यह कार्रवाई शनिवार को की गई।

## यह रहे उपस्थित

कार्रवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर इंद्रजीत, सीएसपी हेमंत चौहान, एसडीएम अभिषेक गहलोत, नगर निगम उपायुक्त विकास सोलंकी, सिटी इंजीनियर सुरेशचंद्र व्यास, उपयंत्री मनीष तिवारी, राजेश पाटीदार सहित भारी संख्या में पुलिस बल उपस्थित रहा। पत्रिका

## अपराधी पहचान लिए है

जिले में अपराधियों को पहचान लिया गया है। उन पर कार्रवाई लगातार जारी है। करीब 7 - 8 औ लोग की जानकारी मिली है जो अपराधी है, उन पर भी कार्रवाई आगामी दिन में की जाएगी।

**- कुमार पुरुषोत्तम,** कलेक्टर

रतलाम में गुंडों के खिलाफ चलाए अभियान में अभी तक 1 पर कार्रवाई की गई है।। शुक्रवार द की गई कार्रवाई में जो गुंडे फरार हु है उनपर 10-10 हजार का पुरस्का घोषित किया है।

**- गौरव तिवारी,** एसपी

पत्रिका 23/1/22

**गूंज गोलियों की** • फायरिंग करने वाले अकबर घोसी सहित तीन अन्य पर दस हजार रुपए का इनाम घोषित

## रतलाम में कानून नहीं गुंडों का राज

# गुंडे अज्जू शेरानी की रंगदारी पर चला बुलडोजर बिना परमिशन बन रहा 3 मंजिला बंगला ढहाया

### निशाने पर अपराधी... 24 घंटे में 8 के 9 मकान और दुकानें तोड़ीं, 12 और लिस्टेड

भास्कर संवाददाता | रतलाम

लिस्टेड कुख्यात गुंडे अज्जू उर्फ अजगर पिता उस्मान खान शेरानी के प्रतापनगर चौराहा पर बन रहे अवैध बंगले को ढहा दिया। रंगदारी के बूते गुंडा अज्जू इसे बिना परमिशन बनवा रहा था। सबक सिखाने के लिए जिला और पुलिस प्रशासन ने शनिवार को सबसे पहले इसे टारगेट में लिया।



अज्जू शेरानी

अफसर दोपहर 3 बजे मशीनें लेकर पहुंचे। काम कर रहे मजदूरों को बाहर करने के बाद अवैध बंगले पर पोकलेन और जेसीबी चला दी। रात 7.30 बजे तक चली तोड़फोड़ में निमार्णधीन तीन (तहखाने सहित) मंजिला बंगले को तोड़कर मिट्टी में मिला दिया। शुक्रवार शाम फायरिंग की सनसनीखेज वारदात के बाद रात 8 बजे से लिस्टेड गुंडों के खिलाफ शुरू हुई मुहीम में 24 घंटे में 8 बदमाशों के काली कमाई से बने 9 मकान और दुकान तोड़े जा चुके हैं। कार्रवाई अभी नहीं रुकने वाली। ऐसे ही 12 और गुंडों की लिस्ट तैयार हो गई है। रविवार को मिड टाउन में रहने वाले सट्टेबाज समेत अन्य इलाकों में रहने वाले अपराधियों के मकानों पर बुलडोजर चलेगा। इधर नगर निगम ने लिस्टेड गुंडों की संपत्तियों की रिकॉर्ड खंगालना



ऐसा स्ट्रक्चर बना लिया था अज्जू शेरानी ने।



गुंडे अज्जू का अवैध बंगला तोड़ती पोकलेन मशीन।



प्रशासन की कार्रवाई का असर ऐसा रहा कि गुंडे अज्जू शेरानी का निर्माणाधीन बंगला मैदान बन गया। फोटो- राकेश पोरवाल

राजनीतिक एप्रोच और कप्तान से नजदीकी के चलते गुंडे अज्जू ने जमीन डायवर्शन तक नहीं कराया था। बदमाशों ने बिना परमिशन चल रहे निर्माण को नोटिस देकर रुकवाने गई निगम की इंजीनियर को डरा-धमका कर भगा दिया था। निगम तीन बार नोटिस दे चुका है। अज्जू ने डायवर्शन आवेदन करने और सिर्फ बाउंड्रीवॉल बनाने की जानकारी दी थी। 10 हजार वर्गफीट से ज्यादा के प्लॉट में से 5500 वर्गफीट पर चार मंजिला बंगला बनाना शुरू कर दिया था। कार्रवाई में तहखाने सहित सारी मंजिल गिरा दी हैं।

### इन बदमाशों के निर्माण तोड़े

- अज्जू उर्फ अजगर शेरानी (प्रतापनगर चौराहा)
- अकबर घोसी (बरगुंडों का वास)
- दादू उर्फ सोहनलाल (भाटों का वास)
- राकेश खत्रीवाल (भाटों का वास)
- एजाज कुरैशी (कसाई मंडी)
- फजल कुरैशी (लौहार रोडः
- मुकेश खत्रीवाल (लौहार रोड पर दो)
- प्रदीप सोनी (सिलावटों का वास)

### कार्रवाई के दौरान रास्ते बंद कर डायवर्ट किया ट्रैफिक

संभावित अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए जिले के अधिकारियों को फोर्स सहित बुलवा लिया था। खाचरौद रोड बंद कर ट्रैफिक डायवर्ट कर दिया था। प्रतापनगर रोड, अहिंसा ग्राम रोड और प्रतापनगर ब्रिज पर पुलिस तैनात रहा। शाम को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम और एसपी गौरव तिवारी भी कुछ देर के लिए कार्रवाई देखने पहुंचे। एएसपी इंद्रजीत बाकलवार, एसडीएम अभिषेक गौतम, तहसीलदार गोपाल सोनी, नगर निगम कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, इंजीनियर मनीष तिवारी समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### अवैध निर्माण तोड़ने का खर्च वसूलेगा नगर निगम

गुंडों के मकान तोड़ने में हो रहा खर्च वसूला जाएगा। नगर निगम इसके लिए सभी को नोटिस जारी करेगी। प्रत्येक से 15 हजार रुपए प्रति घंटे के मान से वसूली की जाएगी। रुपए जमा नहीं करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास ने बताया शुक्रवार और शनिवार मिलाकर अब तक 13 से 14 घंटे कार्रवाई चली है। 8 बदमाशों के 9 मकान व दुकानें तोड़ी है। इसके अलावा हरदेवलाला पीपली से दो और भाटों का वास से एक अवैध गुमटी भी हटाई है।

### दो बत्ती थाने का कुख्यात गुंडा है अज्जू

अज्जू शेरानी स्टेशन रोड थाने का कुख्यात गुंडा है। असली नाम अजगर पिता उस्मान खान है और शेरानीपुरा में मरकज मस्जिद के पास रहता है। 1997 से अबतक जानलेवा हमला, मारपीट, नुकसानी, बलवा, चिकित्सक से मारपीट तथा अन्य अपराधों के 11 प्रकरण दर्ज हैं। 2003 के बाद उसकी आपराधिक गतिविधियों


### गुंडे-बदमाशों के सारे निर्माण हटाएंगे

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने साफ कर दिया है कि गुंडे बदमाशों के सारे निर्माण हटाए जाएंगे। कार्रवाई सतत चलेगी। बिना अनुमति के तीन मंजिला मकान बनवा रहे बदमाश पर दस से ज्यादा अपराध दर्ज है। ऐसे लोगों पर वैधानिक तरीके से हर स्तर पर कार्रवाई की जाएगी। आम आदमी के विश्वास और

### मोमिनपुरा, नयापुरा, कुम्हारों का वास में दबिश, असफल रहे

शुक्रवार शाम को मांडली चौराहा भाटों का वास में गुंडे अकबर घोसी ने सटोरिये सोहनलाल उर्फ दादू राठौड़ के नमकीन ठेले पर गोली चलाई थी। माणकचौक थाने में सोहनलाल की रिपोर्ट पर अकबर घोसी पिता

निवासी मोमिनपुरा तथा चिंटू उर्फ गुरु पिता गोपाल निवासी कुम्हारों का वास के खिलाफ केस दर्ज किया है। मोमिनपुरा, नयापुरा, कुम्हारों का वास में रिश्तेदारों के यहां दबिश दी परंतु आरोपी नहीं मिले। तीनों पर एसपी ने 10



# शनिवार को भी जारी रहा अवैध निर्माण तोड़ने का अभियान

## प्रताप नगर में बंगले को ढहाया,आगे भी जारी रहेगा माफिया विरोधी अभियान

रतलाम। असामाजिक तत्वों और गुण्डों के अवैध निर्माण तोडने का बीती शाम से शुरु हुआ सिलसिला आज शनिवार को भी जारी रहा। प्रशासन के दल ने प्रताप नगर में अज्जू शैरानी नामक बदमाश द्वारा किए गए अवैध निर्माण को बुलडोजर से ढहाया। प्रशासन का कहना है कि शहर के तमाम लिस्टेड गुण्डों की सूचि बनाई जा रही है,ताकि उनके द्वारा किए गए अवैध निर्माणों को ढहाया जा सके। असामाजिक तत्वों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को शहर के मोमिनपुरा इलाके में हुई गोलीबारी की वारदात के बाद प्रशासन की टीम ने फायरिंग करने वाले आरोपियों के साथ साथ सट्टा कारोबार से जुडे फरियादी के अवैध निर्माण तो तोडे ही थे। इसके साथ ही मोमिनपुरा और भाटों का वास इलाके के अन्य लिस्टेड बदमाशों के अवैध निर्माण भी ढहा दिए थे। अतिक्रमण हटाने की यह कार्यवाही तडके चार बजे तक जारी थी और इस दौरान एक दर्जन से ज्यादा अवैध निर्माण तोडे गए थे।

तडके चार बजे रुका सरकारी बुलडोजर आज दोपहर प्रताप नगर जा पंहुचा,जहां स्टेशन रोड थाने के लिस्टेड बदमाश अज्जू शैरानी द्वारा पांच से दस हजार वर्ग फीट पर बिना अनुमति बनाए जा रहे बंगले को बुलडोजर चला कर तोडा गया। अवैध निर्माण तोडने की इस कार्यवाही में एसडीएम सिटी अभिषेक गेहलोत,सीएसपी हेमन्त सिंह चौहान समेत नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया था। सिटी एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने बताया कि शहर के प्रत्येक थाने के लिस्टेड बदमाशों की सूचि तैयार की जा रही है और उनके द्वारा बिना अनुमति किए गए अवैध निर्माणों की खोजबीन की जा रही है। असामाजिक तत्वों द्वारा बिना अनुमति अवैध रुप से किए गए सारे निर्माणों को ध्वस्त किया जाएगा। माफिया के विरुद्ध यह अभियान निरन्तर जारी रहेगा। एसडीएम श्री गेहलोत ने दावा किया कि प्रशासन की इस कार्यवाही को भरपूर जनसमर्थन मिल रहा है और आम लोग इस कार्यवाही से खुश है।

इन्दौर

इन्दौर समाचार २३/११/२२

# 45 करोड़ से ट्रांसपोर्ट नगर, 13 करोड़ से बनेगा फूड जंक्शन

## विकास की राह पर शहर : तकनीकी स्वीकृति के लिए भोपाल मुख्यालय भेजे दोनों प्रस्ताव

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में विकास की सौगात में दो प्रमुख प्रोजेक्ट ट्रांसपोर्ट नगर, फूड जंक्शन पर काम अंतिम दौर में है। डीपीआर बनाने के बाद तकनीकी स्वीकृति के लिए प्रस्ताव नगरीय प्रशासन विभाग मुख्यालय भोपाल भेजा गया है। ट्रांसपोर्ट नगर पर 45 करोड़ रुपये व फूड जंक्शन पर 13.45 करोड़ रुपये की लागत आएगी। प्रस्ताव पर स्वीकृति मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

मार्च तक काम शुरू होने की संभावना है। इससे जहां शहर के ट्रांसपोर्ट व्यापार का विस्तार होगा वहीं फूड जंक्शनमें लोगों को आमोद-प्रमोद व गुणवत्तायुक्त खानपान के लिए नई जगह मिलेगी।

मालूम हो कि दोनों योजनाओं पर गत तीन माह में तेजी से काम हुआ है। विधायक चेतन्य काश्यप व कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सुविधाओं को लेकर लगातार मानीटरिंग कर डीपीआर में संशोधन करवाकर अंतिम रूप दिया। प्राथमिक स्तर पर सभी तैयारी करने के बाद अब तकनीकी स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेजे गए हैं। फूड जंक्शन नगर निगम व ट्रांसपोर्ट नगर रतलाम विकास प्राधिकरण बनाएगा।



फूड जंक्शन मे एस्कलेटर व आधुनिक तरीके से बैठक व्यवस्था के इंतजाम होंगे। • नईदुनिया

> ट्रांसपोर्ट नगर व फूड जंक्शन की योजनाएं जरूरी संशोधन के बाद जल्द ही आकार लेगी। इससे शहर के विकास को रफ्तार मिलेगी। प्रयास है टेंडर होने के बाद इसी साल काम पूरा हो जाए।
>
> **- चेतन्य काश्यप, विधायक रतलाम शहर**

> फूड जंक्शन का प्रस्ताव तकनीकी स्वीकृति के लिए भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कर देंगे।
>
> **-कुमार पुरुषोत्तम, कलेक्टर**

### दोनों योजनाओं पर इस तरह होगा काम

**01 - फूड जंक्शन :**

पुरानी सब्जी मंडी व पोलोग्राउंड से सटी 2.22103 वर्गफीट जमीन पर गुड़गांव के सायबर हब की तर्ज पर दो मंजिला फूड जंक्शन बनाया जाना है। इसमें एस्केलेटर, सुविधापूर्ण बैठक व्यवस्था व शेष खुले परिसर में मुक्ताकाशी मंच बनेगा, जहां छोटे स्तर पर गीत-संगीत सहित काव्य पाठ आदि कार्यक्रम हो सकेंगे। फूड जंक्शन के लिए नगर निगम ने करीब



10 करोड़ रुपये की लागत तय की थी। निगम से तय इंदौर के नाइन आर्किटेक्ट ने प्रारंभिक स्वरूप में सभी जरूरी सुविधाओं को दर्शाते हुए नक्शा बनाया। कुछ संशोधन के बाद 13.45 करोड़ रुपये की लागत का प्रस्ताव बनाया गया।

**इस तरह बनेगी दुकानें :** फूड जंक्शन में तीन श्रेणियों में दुकानें होगी। इसमें ए श्रेणी की 15 दुकानें 200 से 220 वर्गफीट, बी श्रेणी की 13 दुकानें 290 से 300 वर्गफीट व सी श्रेणी की 13 दुकानें 350 से 370 वर्गफीट की रहेंगी। कुल 41 दुकानें दो मंजिला भवन में होंगी। 2.22103 वर्गफीट के परिसर में 24830 वर्गफीट का एरिया स्लैब का रहेगा।

**02 - ट्रांसपोर्ट नगर :**

सालाखेड़ी में ट्रांसपोर्ट नगर कभी गलत नक्शे तो कभी मास्टर प्लान के बाहरी क्षेत्र में प्लानिंग करने से लगातार अटकता रहा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सालाखेड़ी में चयनित 40 एकड़ भूमि में रतलाम विकास प्राधिकरण द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजने के बाद आयुक्त नगर व ग्राम निवेश के समक्ष प्रजेंटेशन दिया था। इसके बाद



नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्रसिंह ने प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। फरवरी में रतलाम दौरे में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान योजना का शिलान्यास भी कर चुके हैं।

**150 से ज्यादा भूखंड :** ट्रांसपोर्ट नगर में 150 से ज्यादा भूखंड ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों को दिए जाएंगे। इसके साथ ही बैंक, एटीएम, रेस्टोरेंट, पुलिस चौकी, पेट्रोल पंप, सुलभ शौचालय, होटल आदि का भी प्रविधान किया जाएगा। ट्रांसपोर्ट नगर बनने के बाद शहर के महू रोड, हरमाला रोड, शहर सराय, लौहार रोड, मोहन नगर सहित अन्य हिस्सों में संचालित ट्रांसपोर्ट आपरेटर एक ही स्थान पर व्यवसाय कर सकेंगे। अभी करीब 200 ट्रकों से प्रतिदिन माल भेजा व मंगवाया जाता है।

अ.ई.

नईदुनिया 23/11/22

# पुलिस ने उड़ाई गुंडो, सटोरियों और अवैध कारोबारियों की नींद

## एसपी गौरव तिवारी की मौजुदगी में रात भर चला बुलडोजर, 12 स्थानों पर निर्मांण तोड़े

रतलाम। शुक्रवार दोपहर को माणकचौक थाना क्षेत्र में हुए गोलीकांड के बाद एक्शन मोड में आए एसपी गौरव तिवारी ने कल रात अवैध कारोबार से जुड़े लोगों की नींद उड़ा दी। पुलिस और प्रशासन की टीम ने रात भर कार्रवाई करते हुए सटोरियों और अवैध कारोबारियों अवैध निर्माणों को तोड़ने की कार्रवाई को अंजाम दिया। एसपी गौरव तिवारी के निर्देशन में रात 8 बजे शुरू हुई यह मुहिम सुबह 4 बजे तक चली। जिसमें कुल 12 स्थानों को ध्वस्त किया गया है। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह 11 बजे से फिर कार्रवाई शुरू होने के संकेत है।





शुक्रवार को शहर के भाटों का वास में हुए गोलीकांड की घटना के कुछ ही घंटे बाद एसपी गौरव तिवारी के निर्देशन में गोलीकांड में शामिल गुंडों और सटोरियों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए उनके निर्माणों पर प्रशासन व पुलिस ने बुल्डोजर चलवा दिए। रात भर कार्रवाई चली। शहर के आधा दर्जन स्थानों पर 12 निर्माण ढहाए गए जिनमें घर, दुकान और गुमटी आदि शामिल हैं। पूरी कार्रवाई एसपी गौरव तिवारी सहित अन्य अफसरों की मौजूदगी में हुई।

रात से सुबह 4 बजे तक चली कार्रवाई की जद में सट्टा कारोबार से जुड़े गोलीकांड के फरियादी के अतिक्रमण भी आए। नमकीन के ठेले के साथ ही दुकान पर भी बुलडोजर चला। पूरी कार्रवाई खुद एसपी ने खड़े रहकर करवाई।

### इन क्षेत्र में हुई कार्रवाई

शुक्रवार देर रात तक जिन इलाकों में कार्रवाई हुई उनमें बरगुंडों का वास, भाटों का वास, कसाई मंडी, लोहार रोड, सिलावटों का वास, हरदेव लाला की पीपली इलाके शामिल हैं। जो अतिक्रमण और निर्माण शामिल हैं उनमें सट्टा और अवैध कारोबार से जुड़े लोगों के निर्माण है।

इन्दौर

इन्दौर समाचार 23/1/22

## न्यूज गैलरी

### 61 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया



**रतलाम।** नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत शनिवार को 61 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 14005, ट्रैक्टर-ट्राली से 12070, काम्पेक्टर सूखा कचरा 17430, काम्पेक्टर गीला कचरा 17425 कुल 61030 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

### 8168 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन

**रतलाम।** शहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निशक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का शासन के निर्देशानुसार भौतिक सत्यापन वार्ड दरोगा व नियुक्त कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर व वार्डवार बनाए गए केंद्रों पर किया जा रहा है। इसके तहत शनिवार तक 8168 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है।

नईदुनिया 23/1/22

### 8168 पेंशन हितग्राहियों का हुआ भौतिक सत्यापन

रतलाम । रतलाम शहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निःशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निःशक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का शासन निर्देशानुसार भौतिक सत्यापन किया जा रहा है जिसके तहत 21 जनवरी शुक्रवार तक 8168 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन कर 79.39 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। स्वतंत्र

स्वतंत्र रतलाम 23/1/22

## वार्ड 29 के 6 सफाई मित्रों का एक दिवस का वेतन काटा

### बिना सूचना कर्तव्य स्थल से थे अनुपस्थित

रतलाम । सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 29 में 6 सफाई मित्रो द्वारा बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया। 21 जनवरी शुक्रवार को सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 29 में संजना-मुकेश, राजेश खांडेगिरी, सुनीता-राजेश, मोहित-गोपाल, बंटी डागर व नितिन कमल द्वारा बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

स्वतंत्र [illegible] २३/१/२२

## वार्ड 29 के 6 सफाई मित्रों का वेतन काटा

रतलाम। सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 29 में 6 सफाई मित्रो द्वारा बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया। 21 जनवरी शुक्रवार को सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 29 में संजना-मुकेश, राजेश खांडेगिरी, सुनीता-राजेश, मोहित-गोपाल, बंटी डागर व नितिन कमल द्वारा बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

राज एक्सप्रेस २३/१/२२

### बिना सूचना कर्तव्य स्थल से थे अनुपस्थित

## 6 सफाई मित्रों का एक दिवस का वेतन काटा

रतलाम । सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 29 में 6 सफाई मित्रो द्वारा बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया। शुक्रवार को सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 29 में संजना-मुकेश, राजेश खांडेगिरी, सुनीता-राजेश, मोहित-गोपाल, बंटी डागर व नितिन कमल द्वारा बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया। शहर को स्वच्छता में आगे लाने के लिए नगर निगम द्वारा कई तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत लोगों को जागरूक किया जा रहा हैं व शहर में रात्रिकालीन सफाई अभियान चलाया जा रहा हैं। इसके लिए निगमायुक्त ने अधिकारियों को विशेष जिम्मेदारी सौंपी है और रात्रिकालीन सफाई दल बनाया हैं। इस कार्य में लापरवाही करने वाले पर कार्रवाई भी की जा रही हैं।

नवभारत २३/१/२२

# रतलाम में आठ बदमाशों पर गाज, रात-दिन चली कार्रवाई में 13 भवन व गुमटियां तोड़ीं

**एक्शन में प्रशासन** ● सट्टे के विवाद में फायरिंग के फरार आरोपितों पर 10-10 हजार का इनाम

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। सट्टा संचालन में हिस्सेदारी के लिए हफ्ता वसूली में शुक्रवार को भाटों का वास में तीन बदमाशों द्वारा फायरिंग करने के बाद रात में शुरू हुई लिस्टेड गुंडों, सट्टा संचालन करने वाले बदमाशों के मकान, दुकान तोड़ने की कार्रवाई शनिवार तड़के समाप्त हुई। रातभर में पुलिस ने सात आरोपितों के 12 मकान-दुकान तोड़े। फायरिंग के फरार आरोपित अकबर हुसैन, अफसार अंसारी, चिंटू उर्फ गुरु पर एसपी गौरव तिवारी ने 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।

शनिवार तड़के चार बजे कार्रवाई पूरी होने के दस घंटे बाद दोपहर दो बजे अमला प्रतापनगर बायपास के कार्नर पर पहुंचा। यहां स्टेशन रोड के लिस्टेड गुंडे अज्जू शेरानी के निर्माणाधीन बंगले को पोकलेन मशीन से तोड़ दिया गया। करीब आठ हजार वर्गफीट में नगर निगम से अनुमति लिए बगैर ही निर्माण किया जा रहा था। जमीन का डायवर्शन भी नहीं कराया गया था।

**20 घंटे तोड़फोड़**

गुंडों, अवैध धंधों में लिप्त लोगों के लिए यह कार्रवाई सीधा सख्त संदेश है। सिर्फ कानूनी ही नहीं बल्कि अन्य प्रविधानों में भी चौतरफा कार्रवाई होगी। गलत काम करने वाले नहीं बचेंगे। -**कुमार पुरुषोत्तम, कलेक्टर**



प्रतापनगर बायपास कार्नर पर अज्जू के निर्माणाधीन बंगले को तोड़ता नगर निगम का अमला। ● नईदुनिया

**पुलिस में कई मामले दर्ज हैं बदमाशों पर**

सट्टे के विवाद में हफ्ता वसूली के लिए फायरिंग करने वाले अकबर का मकान, सोहनलाल का मकान व गुमटी (बालाजी नमकीन), कुरैशी मंडी में एजाज कुरैशी का मकान, भाटों का वास में राकेश खत्रीवाल की दुकान व मकान, लोहार रोड पर मुकेश खत्रीवाल की दुकान व मकान, लोहार रोड पर फजल कुरैशी का मकान, सिलावटों का वास में प्रदीप सोनी का मकान, हरदेवलाल की पीपली व भाटों का वास क्षेत्र में तीन अवैध गुमटियों को भी तोड़ दिया गया। इन पर जुआ, सट्टा, मारपीट, जानलेवा हमला व अन्य मामलों में प्रकरण दर्ज है। स्टेशन रोड के लिस्टेड गुंडे अज्जू शेरानी पर हत्या के प्रयास, मारपीट आदि के 11 मामले हैं। 

नईदुनिया 23/1/22

# गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक नहीं होने पर कर्मचारियों के विरूद्ध होगी कार्यवाही

रतलाम । निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर, हैल्पर, वार्ड प्रभारी व झोन प्रभारियों को निर्देषित किया है कि वे नगर के प्रत्येक घर, दुकान आदि से प्रतिदिन गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक कचरा संग्रहण करना सुनिश्चित करें अन्यथा ड्रायवर, हैल्पर, वार्ड प्रभारी व संबंधित झोन प्रभारी पद से हटाने व बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया यदि किसी भी वार्ड में मिक्स कचरा लेते हुए या कचरा संग्रहण वाहन में मिक्स कचरा डालते हुए पाये जाने पर संबंधित कर्मचारी को पद से हटाने व सेवा से बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा उन्होंने निर्देषित किया कि प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर, दुकान, गुमटी आदि से प्रतिदिन पृथक-पृथक कचरा लिया जाये।

प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर, दुकान, गुमटी आदि से प्रतिदिन पृथक-पृथक कचरा लिये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देषित किया कि दोनो पालियों में वार्ड में कचरा संग्रहण वाहन जायेंगे तथा जब तक पूरे वार्ड से 100 प्रतिशत कचरा संग्रहित नहीं कर लिया जाता तब तक वाहन निगम के वर्कशॉप में जमा ना करायें। निगम आयुक्त श्री झारिया ने वार्ड प्रभारी व झोन प्रभारी को निर्देषित किया है कि वे प्रतिदिन प्रमाणित करेंगे कि उनके वार्ड से 100 प्रतिशत कचरा उठ चुका है।

स्वतंत्र

स्वतंत्र तिलक 23/1/22

**महामारी : संक्रमण की रफ्तार तेज, दो दिन में टूट सकता है पिछले साल का रिकार्ड**

# मप्र में कोरोना के 11,274 नए मरीज मिले

भोपाल (नईदुनिया प्रतिनिधि)। प्रदेश में शुक्रवार को कोरोना के 11,274 नए मरीज मिले हैं। कुल 83,694 सैंपलों की जांच में ये मरीज मिले हैं। संक्रमण दर 13 प्रतिशत रही। कोरोना की तीसरी लहर में प्रदेश में 26 दिसंबर के बाद से मरीजों की संख्या बढ़ने के साथ ही संक्रमण दर भी लगातार बढ़ रही है। हर दिन 30 मरीजों से बढ़ते हुए आंकड़ा 11 हजार से ऊपर पहुंच गया है। तीसरी लहर में यह दूसरी बार है, जब प्रदेश में कोरोना से एक ही दिन में पांच मरीजों की मौत हुई है। इनमें से तीन मरीजों की मौत इंदौर, एक की सागर और एक की उज्जैन में हुई है।

प्रदेश में सक्रिय मरीजों का आंकड़ा भी बढ़कर 61,388 तक पहुंच गया है। इनमें 922 यानी डेढ़ प्रतिशत मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं। यह जानकारी स्वास्थ्य विभाग द्वारा शनिवार को जारी हेल्थ बुलेटिन में सामने आई है। दूसरी लहर में एक दिन में मरीजों का सबसे बड़ा आंकड़ा पिछले साल अप्रैल में 13,601 था। यानी इसी तरह से मरीज बढ़े तो दो दिन के भीतर ही दूसरी लहर का रिकार्ड टूट जाएगा।

**13%** पहुंची संक्रमण दर

**61** हजार के पार हुआ सक्रिय मरीजों का आंकड़ा

**922** मरीज अस्पतालों में भर्ती

**मालवा-निमाड़ की स्थिति**



| जिला | मरीज |
|---|---|
| खरगोन | 210 |
| खंडवा | 179 |
| बड़वानी | 101 |
| झाबुआ | 152 |
| आलीराजपुर | 49 |
| मंदसौर | 15 |

(शनिवार को जारी बुलेटिन के अनुसार)

**11000 सैंपलों की जांच अटकी** प्रदेश में शुक्रवार को 85,310 सैंपल लिए गए। इनमें 11 हजार सैंपलों की जांच नहीं हो पाई। अब इनकी जांच शनिवार को होगी, जिसकी रिपोर्ट मरीजों को रविवार को पता चल पाएगी।

## देश : 3.37 लाख नए केस, 488 की मौत

नई दिल्ली (ब्यूरो)। देश में लगातार तीसरे दिन कोरोना संक्रमण के तीन लाख से ज्यादा मामले मिले हैं। शनिवार को भी 3,37,704 नए मामले सामने आए। हालांकि, एक दिन पहले की तुलना में नए मामले 10 हजार कम मिले हैं। शुक्रवार को 3.48 लाख केस मिले थे जबकि गुरुवार को 3.17 लाख मामले पाए गए थे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से शनिवार सुबह आठ बजे अपडेट किए गए आंकड़ों के मुताबिक बीते 24 घंटे में 488 लोगों की जान भी गई है। इस दौरान ओमिक्रोन के मामलों में भी 3.69 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और इस नए वैरिएंट से संक्रमित होने वाले कुल मरीजों की संख्या 10,050 हो गई है।



नई दिल्ली में युवक की कोरोना जांच का सैंपल लेता स्वास्थ्यकर्मी। • पीटीआइ

नईदुनिया 23/1/22

# बदमाश के अवैध निर्माण को बुलडोजर से ढहाया

रतलाम। शनिवार दोपहर में प्रशासन के दल ने प्रताप नगर में अज्जू शैरानी नामक बदमाश द्वारा किए गए अवैध निर्माण को बुलडोजर से ढहाया। प्रशासन का कहना है कि शहर के तमाम लिस्टेड गुण्डों की सूची बनाई

**▸ असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई जारी**

**▸ लिस्टेड गुण्डों की प्रशासन बना रहा सूची**

जा रही है, ताकि उनके द्वारा किए गए अवैध निर्माणों को ढहाया जा सके।

असामाजिक तत्वों और गुण्डों के अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई गोली चालन की घटना के बाद शुक्रवार रात्र से शुरू हुई, जो शनिवार को भी जारी रहा। आज तड़के चार बजे रुका सरकारी बुलडोजर दोपहर प्रताप नगर जा पहुंचा। प्रशासन के अनुसार स्टेशन रोड थाने के लिस्टेड बदमाश अज्जू शैरानी द्वारा पांच से दस हजार वर्ग फीट पर बिना अनुमति बनाए जा रहे, बंगले को बुलडोजर चला कर तोड़ा गया। शुक्रवार रात्रि में भी प्रशासन ने कार्रवाई की थी।





## तैनात रहा भारी पुलिस बल

अवैध निर्माण तोड़ने की इस कार्यवाही में एसडीएम शहर अभिषेक गेहलोत, सीएसपी हेमन्तसिंह चौहान समेत नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया था।



## थानावार गुंडों की लीस्ट बना रहे

सिटी एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने बताया कि शहर के प्रत्येक थाने के लिस्टेड बदमाशों की सूचि तैयार की जा रही है और उनके द्वारा बिना अनुमति किए गए अवैध निर्माणों की खोजबीन की जा रही है। असामाजिक तत्वों द्वारा बिना अनुमति अवैध रुप से किए गए सारे निर्माणों को ध्वस्त किया जाएगा। माफिया के विरुद्ध यह अभियान निरन्तर जारी रहेगा। एसडीएम श्री गेहलोत ने दावा किया कि प्रशासन की इस कार्रवाई को भरपूर जनसमर्थन मिल रहा है और आम लोग इस कार्रवाई से खुश है। नवभारत

नवभारत 23/1/22

# दुकानों का समय सुबह 10 से 11 बजे, कचरा वाहन सुबह 8 बजे आ रहा, कारोबारी परेशान

रतलाम | शहर में दुकानें खुलने का समय सुबह 10 से 11 बजे निर्धारित है लेकिन कचरा गाड़ी सुबह 7 से 8 बजे के बीच आ रही है। ऐसे में व्यापारी कचरा डाल नहीं पा रहे हैं।

कोठारीवास, माणकचौक, खेरादीवास सहित अन्य बाजारों की यही स्थिति है और यहां कारोबार करने वाले व्यापारी अपना कचरा नहीं फेंक पा रहे हैं। इससे उनके यहां कचरे के ढेर लग रहे हैं। किराना व्यापारी अनिल सोलंकी ने बताया कचरा वाहन रोज आ रहा है लेकिन सुबह 8 बजे आता है जबकि हमारी दुकान सुबह 10 बजे से खुलती है। ऐसे में जो कचरा निकल रहा है उसे फेंक नहीं पा रहे हैं। नगर निगम को इस पर ध्यान देना चाहिए और कचरा वाहन समय पर भेजना चाहिए ताकि कचरा फेंक सकें।

दै. भास्कर २३/११/२२

## कोविड वैक्सीनेशन अंतर्गत 965 लोगों का टीकाकरण किया गया

रतलाम। जिले में हेल्थ केयर वर्कर, फंटलाइन वर्कर एवं 60 वर्ष से अधिक आयु के मोरबीडीटी से संबंधित लोगों का प्रिकॉशन डोज़ टीकाकरण किए जाने संबंधी गतिविधियां की जा रही है। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार रतलाम जिले के समस्त हेल्थ केयर वर्कर , फंटलाइन वर्कर एवं 60 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों का प्रिकॉशन डोज़ 9 माह पूरा होने के आधार पर वैक्सीनेशन किए जाने के निर्देश दिए गए थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रभाकर ननावरे ने बताया कि इस क्रम में रतलाम जिले के पंचायत परिसर, शासकीय कार्यालयों, परिसरों में कुल 108 स्थानों पर सत्रों का आयोजन किया गया। टीकाकरण सत्र के दौरान 255 हेल्थ केयर वर्कर, 233 फंटलाइन वर्कर, 60 वर्ष से अधिक आयु के 273 लोगों एवं 15 से 18 वर्ष की आयु के 23 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया।

इन्दौर समाचार 23/1/22

## कोविड वैक्सीनेशन अंतर्गत 965 लोगों को टीकाकरण किया गया

रतलाम ● जिले में हेल्थ केयर वर्कर, फंटलाइन वर्कर एवं 60 वर्ष से अधिक आयु के मोरबीडीटी से संबंधित लोगों का प्रिकॉशन डोज़ टीकाकरण किए जाने संबंधी गतिविधियां की जा रही है। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार रतलाम जिले के समस्त हेल्थ केयर वर्कर , फंटलाइन वर्कर एवं 60 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों का प्रिकॉशन डोज 9 माह पूरा होने के आधार पर वैक्सीनेशन किए जाने के निर्देश दिए गए थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रभाकर ननावरे ने बताया कि इस क्रम में रतलाम जिले के पंचायत परिसर, शासकीय कार्यालयों, परिसरों में कुल 108 स्थानों पर सत्रों का आयोजन किया गया। टीकाकरण सत्र के दौरान 255 हेल्थ केयर वर्कर, 233 फंटलाइन वर्कर, 60 वर्ष से अधिक आयु के 273 लोगों एवं 15 से 18 वर्ष की आयु के 23 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया। स्वदेश

स्वदेश 23/1/22

## कोविड वैक्सीनेशन : 965 लोगों को लगाया बूस्टर डोज


भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में बूस्टर डोज लगाया जा रहा है। शनिवार को विशेष अभियान में 965 लोगों का टीकाकरण किया। जिले में हेल्थ केयर वर्कर, फ्रंटलाइन वर्कर और 60 साल से ज्यादा उम्र के को-मोर्बिलिटी से पीड़ित लोगों को बूस्टर डोज । कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर जिले के पंचायत परिसर, शासकीय कार्यालय परिसरों में 108 स्थानों पर सत्रों का आयोजन किया। टीकाकरण सत्र के दौरान 255 हेल्थ केयर वर्कर, 233 फ्रंटलाइन वर्कर, 60 साल से अधिक आयु के 273 लोग और 15 से 18 साल की आयु के 23 लोगों का वैक्सीनेशन किया। भास्कर

दै. भास्कर 23/1/22

# 137 नए पाजिटिव केस, 101 स्वस्थ हुए

रतलाम। जिले में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। हर दिन अलग-अलग क्षेत्रों से नए-नए संक्रमित सामने आ रहे हैं। संक्रमितों की संख्या में लगातार वृद्धि से प्रशासन के साथ जिलेवासियों की चिंता बढ़ती जा रही है। कोरोना से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास करते हुए सख्ती बरती जा रही है।



शनिवार को कोरोना के 137 नए पाजिटिव केस सामने आए, वहीं 101 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 894 है। जिले में अब तक 18972 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 17767 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 311 है। शासकीय मेडिकल कालेज की लैब से 1487 सैंपलों की रिपोर्ट आना बाकी है।



जिला अस्पताल में सतर्कता डोज लगवाते हुए सिविल सर्जन डा. आनंद चंदेलकर। ● नईदुनिया

## 965 लोगों का टीकाकरण किया

जिले में हेल्थ केयर वर्कर, फ्रंटलाइन वर्कर एवं 60 वर्ष से अधिक आयु के मोर्बिडिटी से संबंधित लोगों को प्रिकाशन डोज लगाए जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डाक्टर प्रभाकर ननावरे ने बताया कि इस क्रम में रतलाम जिले के पंचायत परिसर, शासकीय कार्यालयों, परिसरों में कुल 108 स्थानों पर सत्रों का आयोजन किया गया। टीकाकरण सत्र के दौरान 255 हेल्थ केयर वर्कर, 233 फ्रंटलाइन वर्कर, 60 वर्ष से अधिक आयु के 273 लोगों एवं 15 से 18 वर्ष की आयु के 23 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया। जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े डाक्टर को बूस्टर डोज लगाए जा रहे हैं। शनिवार को सिविल सर्जन डा. आनंद चंदेलकर को सतर्कता डोज लगाया। इस अवसर पर जिला टीकाकरण प्रभारी गोविंद काकानी, जिला चिकित्सालय में सुपरवाइजर संदल राहोरी, कंप्यूटर आपरेटर दिनेश सोलंकी आदि उपस्थित थे।

### इस तरह बढ़ रहा कोरोना का ग्राफ

| तारीख | पाजिटिव केस |
|---|---|
| 22 जनवरी | 137 |
| 21 जनवरी | 140 |
| 20 जनवरी | 150 |
| 19 जनवरी | 141 |
| 18 जनवरी | 118 |
| 17 जनवरी | 108 |
| 16 जनवरी | 101 |
| 15 जनवरी | 101 |

७६.

नईदुनिया 23/1/22